GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## *Youth to prepare themselves for opportunities in emerging technologies: Haryana Governor Sh. Bandaru Dattatraya*

**Simran Rawat**
info@impressivetimes.com



**SH. DATTATREYA SAID THAT THIS UNIVERSITY, WHICH WAS ESTABLISHED IN THE YEAR 1969 AS AN INDO-GERMAN PROJECT AS A DIPLOMA INSTITUTE, HAS CONTRIBUTED SIGNIFICANTLY TO MAKING THE YOUTH OF THE COUNTRY SKILLED AND ENTREPRENEURS.**

**FARIDABAD :** Haryana Governor Sh. Bandaru Dattatraya has called upon the youth to prepare themselves for employment opportunities in the field of new emerging technologies and said that they should focus on technology, innovation, and research. Sh. Bandaru Dattatraya was addressing the 4th Convocation of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad. Presiding over the Convocation as the Chancellor of the University, Sh. Dattatreya awarded the degrees, medals, and certifications to the students and scholars of the University in the presence of the Guest of Honour Prof. Brij Kishore Kuthiala, Chairman, Haryana State Higher Education Council, and the Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar. Vice-Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar delivered the welcome address and presented the Annual Report followed by the opening of the convocation ceremony by Chancellor Sh. Bandaru Dattatraya. As many as 1155 students and research scholars out of 2768, who have completed their degrees in the years 2017 to 2020, and in the year 2022, were conferred degrees by the Governor–Chancellor. Among them, 633 undergraduates and 511 post-graduate students, and 11 research scholars. Besides, about 213 students who completed their B.Voc degrees in the years 2021 and 2022 under the Community College of Skill Development of the University were also conferred degrees by the ChancellorThe representation of girl students among gold medallists in the Convocation was encouraging as out of 13 gold medallists, 8 were female. Expressing pleasure over the greater representation of girls compared to boys, Sh. Dattatreya said that it is a good sign which proves that girls are leading in every field. He said that we have to take women forward in society. If women progress, the country will progress.

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# AAJ SAMAJ

# युवाओं को रोजगार के अवसरों के लिए होना होगा तैयारः बंडारू दत्तात्रेय

- राज्यपाल ने जेसी बोस विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की
- राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की
- विश्वविद्यालय में लड़कियों की उत्साहजनक भागीदारी को राज्यपाल ने सराहा
- कम्युनिटी कालेज के 213 बी.वोक स्नातकों को भी राज्यपाल द्वारा प्रदान की गई डिग्रियां

संदीप पराशर

**फरीदाबाद ।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने का आह्वान किया है तथा कहा है कि युवाओं को प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान देना चाहिए। हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2017 से 2020 एवं वर्ष 2022 में डिग्री पूर्ण करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को कुलाधिपति ने डिग्रियां प्रदान की। इनमें 633 स्नातक और 511 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 11 शोधार्थी शामिल रहे। साथ ही, विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 तथा 2022 में बी.वोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को भी राज्यपाल द्वारा डिग्री प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में छात्राओं का प्रतिनिधित्व उत्साहजनक रहा देखने को मिला। कुल 13 स्वर्ण पदक विजेताओं में से 8 छात्राएं रही। लडकों की तुलना में लड़कियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाना है। महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो देश आगे बढ़ेगा। दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना कें अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस के नाम पर इस संस्थान का नामकरण एक सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को नैक द्वारा हाए+ग्रेड मान्यता तथा विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों को एनबीए द्वारा को मिलने पर बधाई भी दी।

इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2023 का उल्लेख करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि रोजगार योग्यता के मामले में आज बीकॉम की पढ़ाई करने वाले 61 प्रतिशत युवा रोजगार के योग्य 57 प्रतिशत बीटेक वालों से आगे निकल रहे है। इसलिए, युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार रहना होगा। विशेष रूप से नई प्रौद्योगिकी एवं उभरते क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं ज्यादा है।



जेसी बोस विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेता छात्रा को पुरस्कृत करते हुए हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय साथ में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला। **आज समाज**

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जॉब-सीकर होने के बजाय जॉब-क्रिएटर बनने के विषय में सोचें, कार्य करें और जीवन में आगे बढ़ें। अपने दीक्षांत संबोधन प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने विद्यार्थियों को अपनी रूचि के अनुरूप करियर चयन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोगों के मन में यह भाव आता है कि उन्होंने अपना मनपसंद करियर का चयन नहीं किया। इसलिए युवाओं को अपने अभिभावकों, अध्यापकों एवं बुद्धिशील व्यक्तियों से विचार-विमर्श करके भविष्य के जीवन की संकल्पना करनी चाहिए और करियर का चयन करना चाहिए। प्रो. कुठियाला ने कहा कि जेसी बोस विश्वविद्यालय ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शिक्षा एवं प्रशिक्षण में सराहनीय कार्य किये है जो अन्यों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से मानव समाज सही दिशा में जाए। इससे पहले कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अपने स्वागतीय संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति ने विगत वर्षों की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न गुणवत्ता मानदंडों पर खुद को साबित किया है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर वाईएमसीए मॉब एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह, एमसीएनयूजेसी, भोपाल से प्रो. पी. शशिकला रामचंद्रन, एमडीयू रोहतक से प्रो. (सेवानिवृत्त) एसएन मिश्रा, विश्वविद्यालय की विभिन्न निकायों के सदस्य और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# AMAR UJALA

# राज्यपाल ने बांटीं डिग्रियां

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को चौथा दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें वर्ष 2017 से 2020 एवं वर्ष 2022 तक डिग्री प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को कुलाधिपति ने डिग्रियां प्रदान की। इनमें 633 स्नातक, 511 स्नातकोत्तर और 11 शोधार्थी शामिल थे। वहीं, विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 तथा 2022 में बी.वोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने डिग्री दी। विद्यार्थियों को उपाधि, पदक और प्रमाण-पत्र दिए गए। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की। दीक्षांत समारोह में 13 स्वर्ण पदक दिए गए, जिनमें 8 छात्राएं रही। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपलब्धियों की जानकारी दी। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।



जेसीबोस वाईएमसीए में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर। संवाद

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# PUNJAB KESARI

# युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए होना होगा तैयार: बंडारू दत्तात्रेय

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में राज्यपाल के उद्गार

फरीदाबाद, 22 फरवरी (महावीर/सूरजमल): हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने का आह्वान किया है तथा कहा है कि युवाओं को प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान देना चाहिए।

हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज फरीदाबाद के जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया।

दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2017 से 2020 एवं वर्ष 2022 में डिग्री पूर्ण करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को कुलाधिपति ने डिग्रियां प्रदान की। इनमें 633 स्नातक और 511 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 11 शोधार्थी शामिल रहे। साथ ही, विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 तथा 2022 में बी.वोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को भी राज्यपाल द्वारा डिग्री प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में छात्राओं का प्रतिनिधित्व उत्साहजनक रहा देखने को मिला। कुल 13 स्वर्ण पदक विजेताओं में से 8 छात्राएं रही। लड़कों की तुलना में लड़कियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं।

अपने दीक्षांत संबोधन प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने विद्यार्थियों को अपनी रूचि के अनुरूप करियर चयन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोगों के मन में यह भाव आता है कि उन्होंने अपना मनपंसद करियर का चयन नहीं किया। इसलिए युवाओं को अपने अभिभावकों, अध्यापकों एवं बुद्धिशील व्यक्तियों से विचार-विमर्श करके भविष्य के जीवन की संकल्पना करनी चाहिए और करियर का चयन करना चाहिए।

प्रो. कुठियाला ने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शिक्षा एवं प्रशिक्षण में सराहनीय कार्य किये है जो अन्यों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को यह सुनिश्चित करना हो गा कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से मानव समाज सही दिशा में जाये। उन्होंने कहा कि शास्त्र को अर्थात ज्ञान को शस्त्र न बनाए। शास्त्र विकास करता है और शस्त्र विनाश करता है। जिन देशों की उच्च शिक्षा को कभी-कभी हम रोल मॉडल बना लेते है उन्हीं से शिक्षा प्राप्त नेतृत्व रूस और युक्रेन जैसे युद्धों को विस्तार देते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कार्य विद्यार्थी को ज्ञानवान, कर्मशील और उपयोगी नागरिक बनाना है। इससे पहले कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कुलपति ने विगत वर्षों की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न गुणवत्ता मानदंडों पर खुद को साबित किया है। इस समय विश्वविद्यालय में लगभग 60 पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे है। विश्वविद्यालय ने नई शोध सुविधाओं तथा ढांचागत व्यवस्थाओं को विकसित किया है तथा रोजगार एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विश्वविद्यालय के नये परिसर को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई। समारोह के अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर वाईएमसीए मॉव एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुखदेव सिंह, एमसीएनयूजेसी, भोपाल से प्रो. पी. शशिकला रामचंद्रन, एमडीयू रोहतक से प्रो. (सेवानिवृत्त) एस.एन. मिश्रा, विश्वविद्यालय की विभिन्न निकायों के सदस्य और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।



जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करते हुए हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। (छाया:एस शर्मा)

### महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाने पर जोर

राज्यपाल ने कहा कि हमें महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाना है। महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो देश आगे बढ़ेगा। दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस के नाम पर इस संस्थान का नामकरण एक सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता तथा विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों को एनबीए द्वारा को मिलने पर बधाई भी दी।

### बेरोजगारी देश की बड़ी समस्या

बेरोजगारी को देश की बड़ी समस्या बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगारी का समाधान कौशल है। नौकरी तभी मिलेगी, जब डिग्री लेने वाले युवाओं के पास रोजगार के लिए जरूरी कौशल होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2023 का उल्लेख करते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि रोजगार योग्यता के मामले में आज बीकॉम की पढ़ाई करने वाले 61 प्रतिशत युवा रोजगार के योग्य 57 प्रतिशत बीटेक वालो से आगे निकल रहे है। इसलिए, युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार रहना होगा। विशेष रूप से नई प्रौद्योगिकी एवं उभरते क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं ज्यादा है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जॉब-सीकर होने के बजाय जॉब-क्रिएटर बनने के विषय में सोचे, कार्य करें और जीवन में आगे बढ़े।

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# TEHELKA JAJBA

# राज्यपाल ने की जे.सी. बोस विवि के दीक्षांत समारोह में 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को दी डिग्रियां

## युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए होना होगा तैयार- राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**तहलका जज्बा**

**फरीदाबाद।** युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने का आह्वान हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने करते हुए कहा कि युवाओं को प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया।

दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2017 से 2020 एवं वर्ष 2022 में डिग्री पूर्ण करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को कुलाधिपति ने डिग्रियां प्रदान की। इनमें 633 स्नातक और 511 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 11 शोधार्थी शामिल रहे। साथ ही, विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 तथा 2022 में बी.वोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को भी राज्यपाल द्वारा डिग्री प्रदान की गई।

दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में छात्राओं का





प्रतिनिधित्व सराहनीय रहा। कुल 13 स्वर्ण पदक विजेताओं में से 8 छात्राएं रही। लड़कों की तुलना में लड़कियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाना है। महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो देश आगे बढ़ेगा। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि वर्ष 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के अंतर्गत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान तथा उद्यमशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हरियाणा सरकार द्वारा महान वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस के नाम पर इस संस्थान का नामकरण एक सराहनीय पहल है।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता तथा विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों को एनबीए द्वारा को मिलने पर बधाई भी दी।

बेरोजगारी को देश की बड़ी समस्या बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगारी का समाधान कौशल है। नौकरी तभी मिलेगी, जब डिग्री लेने वाले युवाओं के पास रोजगार के लिए जरूरी कौशल होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है।

प्रो. बृज किशोर कुठियाला ने विद्यार्थियों को अपनी रूचि के अनुरूप करियर चयन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान को शस्त्र न बनाए। शास्त्र विकास करता है और शस्त्र विनाश करता है। जिन देशों की उच्च शिक्षा को कभी-कभी हम रोल मॉडल बना लेते है उन्हीं से शिक्षा प्राप्त नेतृत्व रूस और युक्रेन जैसे युद्धों को विस्तार देते है।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अपने संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति ने विगत वर्षों की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न गुणवत्ता मानदंडों पर खुद को साबित किया है। इस समय विश्वविद्यालय में लगभग 60 पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे है। विश्वविद्यालय ने नई शोध सुविधाओं तथा ढांचागत व्यवस्थाओं को विकसित किया है तथा रोजगार एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। इस अवसर पर वाईएमसीए मॉब एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, एमसीएनयूजेसी, भोपाल से प्रो. पी. शशिकला रामचंद्रन, एमडीयू रोहतक से प्रो. (सेवानिवृत्त) एस.एन. मिश्रा, विश्वविद्यालय की विभिन्न निकायों के सदस्य और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# HINDUSTAN




वाईएमसीए के दीक्षांत समारोह के बाद पीएचडी डिग्री पाने वाले शोधार्थियों के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। साथ में कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला। • हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# PIONEER

# उभरती प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार के लिए युवाओं को होना होगा तैयार : राज्यपाल

## राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने का आह्वान किया है। कहा है कि युवाओं को प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान देना चाहिए। हरियाणा राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय आज फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला विशिष्ट अतिथि रहे तथा दीक्षांत अभिभाषण दिया। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2017 से 2020 एवं वर्ष 2022 में डिग्री पूर्ण करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को कुलाधिपति ने डिग्रियां प्रदान की। इनमें 633 स्नातक और 511 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 11 शोधार्थी शामिल रहे। साथ ही, विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 तथा 2022 में बी.वोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को भी राज्यपाल द्वारा डिग्री प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में छात्राओं का प्रतिनिधित्व उत्साहजनक रहा देखने को मिला। कुल 13 स्वर्ण पदक विजेताओं में से 8 छात्राएं रही। लड़कों की तुलना में लड़कियों के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है जो साबित करता है कि लड़कियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाना है। महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो देश आगे बढ़ेगा।



दीक्षांत समारोह के उपरांत स्वर्ण पदक विजेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा अन्य

बेरोजगारी को देश की बड़ी समस्या बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगारी का समाधान कौशल है। नौकरी तभी मिलेगी, जब डिग्री लेने वाले युवाओं के पास रोजगार के लिए जरूरी कौशल होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अपने स्वागतीय संबोधन में अतिथियों का अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति ने विगत वर्षों की विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न गुणवत्ता मानदंडों पर खुद को साबित किया है। इस समय विश्वविद्यालय में लगभग 60 पाठ्यक्रम पढ़ाये जा रहे है। विश्वविद्यालय ने नई शोध सुविधाओं तथा ढांचागत व्यवस्थाओं को विकसित किया है तथा रोजगार एवं प्रशिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विश्वविद्यालय के नये परिसर को लेकर भी प्रतिबद्धता जताई। समारोह के अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर वाईएमसीए मॉब एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, एमसीएनयूजेसी, भोपाल से प्रो. पी. शशिकला रामचंद्रन, एमडीयू रोहतक से प्रो. (सेवानिवृत्त) एस.एन. मिश्रा, विश्वविद्यालय की विभिन्न निकायों के सदस्य और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# DAINIK BHASKAR

# युवाओं को प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए तैयार होना होगाः राज्यपाल

## राज्यपाल ने 1155 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि युवाओं को प्रौद्योगिकी, नवाचार व अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल बुधवार को फरीदाबाद के जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। समारोह में वर्ष 2017 से 2020 एवं वर्ष 2022 में डिग्री पूरी करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों



फरीदबाद | समारोह में स्वर्ण पदक विजेता को पुरस्कृत करते राज्यपाल।

को कुलाधिपति ने डिग्रियां प्रदान की। साथ ही विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 तथा 2022 में बी. वोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को भी राज्यपाल ने डिग्री प्रदान की।

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# DAINIK JAGRAN

## बेरोजगारी का समाधान कौशल विकासः बंडारू दत्तात्रेय


जागरण संवाददाता, बल्लभगढ़ : राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बेरोजगारी को बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि इसका समाधान एक मात्र कौशल विकास है। नौकरी तभी मिलेगी, जब उपाधि लेने वाले युवाओं के पास जरूरी कौशल होगा। युवाओं को कौशलवान बनाने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा दी जा रही है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के चौथे दीक्षा समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे है। दीक्षा समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति के रूप में बंडारू दत्तात्रेय ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विद्यार्थियों को उपाधि, पदक एवं प्रमाण-पत्र दिए। इस मौके पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने दीक्षा अभिभाषण दिया।

दीक्षा समारोह के दौरान वर्ष- 2017 से 2020 एवं वर्ष 2022 में उपाधि पूरी करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को कुलाधिपति ने उपाधि दी। इनमें 633 स्नातक और 511 स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा 11 शोधार्थी शामिल रहे। दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में छात्राओं का प्रतिनिधित्व उत्साहजनक रहा। सभी ने समारोह का पूरा लुत्फ उठाया।

कुल 13 स्वर्ण पदक विजेताओं में से आठ छात्राएं रहीं। इससे पहले कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने अतिथियों का अभिनंदन किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस समय विश्वविद्यालय में लगभग 60 पाठ्यक्रम पढ़ाए जा रहे हैं।

वाईएमसीए माब एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, एमसीएनयूजेसी, भोपाल से प्रो. पी. शशिकला रामचंद्रन, एमडीयू रोहतक से प्रो. (सेवानिवृत्त) एसएन मिश्रा, विश्वविद्यालय की विभिन्न निकायों के सदस्य और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे।




राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में स्वर्ण पदक विजेता राधिका को चेक देते हुए, साथ में कुलपति प्रो . सुशील तोमर, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो . बृज किशोर कुठियाला ● जागरण

- जेसीबोस वाइएमसीए विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षा समारोह

**1155** विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को दी गई उपाधि

**60** पाठ्यक्रम पढ़ाए जा रहे हैं विश्वविद्यालय में

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# NAVBHARAT TIMES


# जेसी बोस विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिखी गर्ल पावर

## 13 में से 8 लड़कियों व 5 लड़कों को मिला गोल्ड मेडल

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, YMCA के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में बुधवार को लड़कियों का दबदबा रहा। दीक्षांत समारोह में कुल 13 स्वर्ण पदक विजेताओं में से 8 छात्राएं रहीं, जबकि 5 छात्र रहे। इस दौरान वर्ष 2017 से 2020 व वर्ष 2022 में डिग्री पूरी करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 स्टूडेंट्स व शोधार्थियों को डिग्री दी गई। इनमें 633 ग्रैजुएशन और 511 पोस्ट ग्रैजुएशन के स्टूडेंट्स व 11 शोधार्थी शामिल रहे। समारोह में मौजूद हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डिवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 व 2022 में बीवोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 स्टूडेंट्स को भी डिग्री दी।

**'प्रौद्योगिकी, नवाचार व अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान दें युवा':** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रौद्योगिकी, नवाचार व अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगारी का समाधान कौशल है। नौकरी तभी मिलेगी, जब डिग्री लेने वाले युवाओं के पास रोजगार के लिए जरूरी कौशल होगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति बेरोजगारी और गरीबी दूर करने वाली शिक्षा नीति है। इस नीति में औद्योगिक जरूरतों एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने धन्यवाद प्रस्तुत किया व राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर YMCA मॉब एलुमनी असोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, एमसीएनयूजेसी, भोपाल से प्रो. पी. शशिकला रामचंद्रन, एमडीयू रोहतक से प्रो. (सेवानिवृत्त) एस.एन. मिश्रा, विश्वविद्यालय की विभिन्न निकायों के सदस्य और जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।




राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने स्टूडेंट्स को दी डिग्री

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

# DAINIK TRIBUNE

## जेसी बोस विवि के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा

# प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा अनुसंधान पर ध्यान दें युवा

फरीदाबाद, 22 फरवरी (हप्र)

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए का चौथा दीक्षांत समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। जिसमें कुलाधिपति एवं राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो.बृज किशोर कुठियाला विशिष्ट अतिथि तथा कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर मौजूद रहे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने युवाओं को नई उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने का आह्वान किया है तथा कहा है कि युवाओं को प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा अनुसंधान के क्षेत्र में ध्यान देना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगारी का समाधान कौशल है। नौकरी तभी मिलेगी, जब डिग्री लेने वाले युवाओं के पास रोजगार के लिए जरूरी कौशल होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशलवान बनाने की दिशा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर वाईएमसीए मॉब एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव सिंह, एमसीएनयूजेसी, भोपाल से प्रो.पी. शशिकला रामचंद्रन, एमडीयू रोहतक से प्रो. (सेवानिवृत्त) एसएन मिश्रा मौजूद थे।



फरीदाबाद में बुधवार को दीप प्रज्वलित कर जेसी बोस विवि के दीक्षांत समारोह का शुभारंभ करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। -हप्र

### 1155 छात्रों, शोधार्थियों को डिग्री प्रदान

दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष-2017 से 2020 एवं वर्ष-2022 में डिग्री पूरी कर चुके विश्वविद्यालय के 1155 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इनमें 633 स्नातक और 511 स्नातकोत्तर और 11 शोधार्थी शामिल रहे। विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत वर्ष 2021 तथा 2022 में बीवोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को भी डिग्री प्रदान की गई। कुल 13 गोल्ड मेडिलिस्ट में 8 छात्राएं रही।

**NEWS CLIPPING:23.02.2023**

## HINDUSTAN

# दीक्षांत समारोह में डेढ़ हजार विद्यार्थियों को डिग्री मिली

**फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बुधवार को चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें करीब डेढ़ हजार छात्रों को डिग्री दी गई।

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने की। इस दौरान कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में छात्रों को उपाधि, पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि साल 1969 में इंडो-जर्मन परियोजना के तहत स्थापित हुए इस संस्थान ने प्रगतिशील भारत की युवा शक्ति को कौशलवान और उद्यमशील बनाने में योगदान दिया है। दीक्षांत समारोह के दौरान साल 2017 से 2020 और साल 2022 में डिग्री पूरी करने वाले विश्वविद्यालय के 2768 में से 1155 छात्रों और शोधार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई।

इनमें 633 स्नातक और 511 स्नातकोत्तर छात्रों सहित 11 शोधार्थी शामिल रहे। साथ ही संस्थान के कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के तहत साल 2021 और 2022 में बीवोक की डिग्री पूरी करने वाले 213 छात्रों को भी डिग्रीयां दी गई। इस दौरान छात्रों में काफी उत्साह देखा गया।